# कमला नेहरू कॉलेज,

# दिल्ली विश्वविद्यालय

### अगस्त क्रांति मार्ग नई दिल्ली,

## 'अभिव्यक्ति' - वाद विवाद समिति

### वार्षिक रिपोर्ट सत्र 2019-2020

सत्र 2019-20 का शुभारम्भ 22 जुलाई 2019 को प्रथम वर्ष की छात्राओं के उन्मुखीकरण के साथ हुआ । इस अवसर पर महाविद्यालय सभागार में समिति के बारे में जानकारी दी गई और छात्राओं को 'अभिव्यक्ति' से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया । 8 अगस्त 2019 को एक मीटिंग के माध्यम से समिति की वरिष्ठ सदस्याओं ने नवागन्तुक छात्राओं का अभिनन्दन किया और उन्हे समिति के क्रियाकलाप से अवगत कराया।

4 सितम्बर 2019 को 'अभिव्यक्ति' ने अंतःमहाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता 2 चरणों में संपन्न हुई, प्रथम चरण नवागत छात्राओं के लिए और द्वितीय चरण समिति की वरिष्ठ छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। वाद-विवाद का विषय था 'सोशल मिडिया मुख्य मिडिया का सशक्त विकल्प है'। प्रतियोगिता के परिणाम इस तरह रहा, प्रथम चरण में प्रथम पुरस्कार - निकिता (अर्थशास्त्र विशेष), द्वितीय पुरस्कार- राधिका (बी. ए. प्रोग्राम), तृतीय पुरस्कार- अंशु (हिंदी विशेष), प्रोत्साहन पुरस्कार- तुषिता श्रीवास्तव (मनोविज्ञान विशेष) और उषा (भूगोल विशेष)। द्वितीय चरण में प्रथम पुरस्कार - मानवी (बी. कॉम. विशेष), द्वितीय पुरस्कार- सोफ़िया (राजनैतिक विज्ञान विशेष), तृतीय पुरस्कार- कल्पना (राजनैतिक विज्ञान विशेष), प्रोत्साहन पुरस्कार- नेहा (हिंदी विशेष) और नीरज (हिंदी विशेष)।

20 जून 2020 को 'अभिव्यक्ति' ने ऑनलाइन अंतर्-महाविद्यालय वाद -विवाद प्रतियोगिता, 'मुखर' का आयोजन किया । इस प्रतियोगिता में अनेक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय 'कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय केवल लॉकडाउन ही है' था । सभी प्रतिभागियों को ई-प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



इसके अतिरिक्त 'अभिव्यक्ति' समिति की ओर से छात्राओं ने दिल्ली विश्वविद्यालय के अनेक महाविद्यालयों में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

'अभिव्यक्ति' समिति की ओर से सदस्यों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के अनेक महाविद्यालयों में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। फरवरी में मैत्रेयी कॉलेज में आयोजित अंतर्-महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में समिति के सदस्यों का विशेष उल्लेख किया गया था। 'अभिव्यक्ति' के सदस्यों ने अनेक पारंपरिक व संसदीय वाद-विवाद, भाषण, आशुभाषण एवं कविता वाचन प्रतियोगिताओं में भाग लिया है एवं पुरस्कार जीते हैं।